प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में गर्मी के मौसम में आमलोगों को पीने के पानी के लिए कोई परेशानी नहीं हो। इसके लिए **समर कंटीन्जेंसी प्लान** तैयार किया जायेगा। मुख्यमंत्री **भजनलाल** शर्मा ने इस बारे में विभागीय अधिकारियों और जिला कलेक्टर्स को हर गांव और कस्बे में प्रभावी निगरानी कर समुचित पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री कार्यालय में कल हुई बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए हेडपम्प और नलकूपों की मरम्मत तथा पाइप लाईनों को दुरूस्त करने सहित सभी कार्य समय से पहले पूरे किये जाये। मुख्यमंत्री ने 181 **हैल्पलाईन** पर मिलने वाली पेयजल संबंधी समस्याओं का 24 घंटे में समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान दिवस पर 19 मार्च से विकसित ग्राम शहरी वार्ड अभियान की शुरूआत की जायेगी। इसके जरिये विकास का रोडमेप गांवो तक पंहुचेगा।

00000

राज्य का पहला इलेक्ट्रिक वाहन–ईवी संयत्र टपुकडा में स्थापित किया जायेगा। यहां से इसी साल उत्पादन शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कल होंडा कार इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक के दौरान कंपनी के पहले ईवी मॉडल का अनावरण किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों के दौरान सितम्बर 2024 में जापान यात्रा में उन्होंने होंडा के शीर्ष प्रबंधन को राजस्थान में इकाई लगाने के लिए आमंत्रित किया था।

00000

चित्तौडगढ में आज जौहर श्रद्धाजंलि समारोह रखा गया है। इसमें मेवाड की वीरांगनाओं के शौर्य और त्याग को नमन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी विजय स्तम्भ स्थित जौहर स्थल पर हो रहे इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड भी कार्यक्रम में मौजूद है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले '**माई भारत बजट क्वेस्ट 2026**' प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को सहभागी शासन और आर्थिक नियोजन से जोड़ना है। इसके साथ ही, ये पहल नीति निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका को मजबूत करने और 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण में योगदान भी देगी। उल्लेखनीय है कि '**माई भारत बजट प्रतियोगिता 2026**' में 12 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और 47 हजार निबंध जमा किए गए।

00000

भारत निर्वाचन आयोग आज शाम चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा करेंगे। गौरतलब है कि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल विधानसभाओं का कार्यकाल मई महीने में समाप्त हो रहा है। वहीं पुड्डुचेरी का विधानसभा सत्र 15 जून को समाप्त होगा।

00000

पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति के बीच एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज 14 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। शारजाह से दिल्ली, कन्नूर, कोच्चि, कोझिकोड, मुंबई और तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ानें संचालित करने की योजना बनाई गई है। एयर लाइन ने बताया कि ये उड़ानें स्लॉट की उपलब्धता और संचालन के समय की मौजूदा स्थितियों के आधार पर संचालित की जाएंगी।

एयर लाइन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के विमानपत्तन प्राधिकरण के निर्देशों के बाद क्षेत्र में अस्थायी परिचालन कम कर दिए गए हैं।

विमान संचालकों ने कहा कि रद्द की गई या अस्थायी रूप से निरस्त हुई सेवाओं के यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भविष्य की किसी तिथि के लिए उड़ान फिर से बुक कर सकते हैं या पूरे रिफंड का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं इंडिगो ने बताया कि उनकी उड़ान सेवाएं दुबई में प्रतिबंधित कर दी गई है।

00000

बैंकॉक में हो रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के फाइनल में चार भारतीय मुक्केबाज पहुंच गयी हैं। इनमें चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री देवी और अंबेडकर मीतेई शामिल हैं। चारों ने सेमीफाइनल में आसान जीत दर्ज की।

00000

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए अग्रिम कर ई–अभियान के तहत करदाताओं को भेजे गए कुछ ईमेल संदेशों के बारे में स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने कहा है कि तकनीकी गलती के कारण कुछ करदाताओं को ऐसे ईमेल मिले हैं। जिनमें 'महत्वपूर्ण लेनदेन' के गलत विवरण दर्ज थे। ऐसे करदाताओं से पिछले ईमेल को अनदेखा करने का अनुरोध किया गया है।

00000

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली के कैलादेवी मंदिर में कल से वार्षिक मेले की शुरूआत होगी। इससे पहले विभिन्न क्षेत्रों से **पदयात्रियों के** जत्थे जयकारों के साथ माता के धाम की ओर बढ रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से जगह–जगह निशुल्क भण्डारे और चिकित्सा तथा अन्य व्यवस्थाएं की गई है। वहीं रेल्वे ने महावीर जी स्टेशन पर पश्चिमी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोडवेज ने भी 300 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

00000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान रखी गई। राज्यस्तरीय रन का आयोजन जयपुर में किया गया।। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अमर जवान ज्योति से इस रन को फ्लेग ऑफ किया। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के लिए युवाओं की भूमिका अहम है। सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रही है और पिछले दो साल में राज्य में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज जयपुर में राज्यस्तरीय एक जिला–एक उत्पाद प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

00000